सुविचार
नहाने धोने से
हरि मिले तो
नहाऊ में सौ बार
हरि तो मिलेंगे
सच्चे मन से
इसलिए प्यारे मन
का मैल उतार..!!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-22 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 07 जुलाई 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## Legal advice- भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद न्यायालय को कार्यपालिका एवं विधायिका से अलग करता है जानिए।

सबसे पहले हम आपको सरल भाषा में बताते हैं कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका क्या होती है।

**विधायिका-** केंद्रीय स्तर पर संसद एवं राज्य स्तर पर विधानमंडल दोनो को विधायिका कहाँ जाता है, इसमें सांसद एवं विधायक सत्ता पक्ष के मंत्री सभी मिलकर कानून,विधेयक, विनियम आदि का निर्माण करते हैं। यही विधायिका का मुख्य कार्य होता है। अर्थात विधायिका का कार्य कानून बनाना होता है।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**कार्यपालिका-** जब किसी क़ानून का निर्माण विधायिका (संसद एवं विधानसभा) करती है तो उसे लागू करने का काम काम कार्यपालिका का होता है इसमें,कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस, सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी आते हैं।

**न्यायपालिका-** जब कोई कानून विधायिका द्वारा बना दिया गया है एवं कार्यपालिका द्वारा उसे लागू करवा दिया जाता है तब कोई व्यक्ति उसका उल्लंघन करता है तो उसके लिए दण्ड न्यायालय देता है न्यायपालिका एकीकृत होती है अर्थात सुप्रीम कोर्ट से लेकर स्थानीय न्यायालय तक। साधारण शब्दों में तीनों को समझे तो विधायिका द्वारा कानून बनाया है जब कोई व्यक्ति किसी को जान से मार दे तो वह हत्या का अपराध होगी इसको लागू कार्यपालिका अर्थात पुलिस प्रशासन द्वारा करवाया जाता है किसी हत्या के आरोपी को पुलिस पकड़ेगी एवं अपनी अभिरक्षा में लगी लेकिन दण्ड देने के लिए वह आरोपी को न्यायपालिका को सौप देगी उसको दण्ड देने का काम न्यायपालिका का होता है। न्यायपालिका, को विधायिका और कार्यपालिका से अलग क्यों रखा जाता है जानिए।

**भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 50 की परिभाषा?**

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 50 राज्य से यह अपेक्षा करता है की राज्य लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक(अलग) करने के लिए कदम उठाएगा।

## अगर कोई व्यक्ति न्यायालय के समन को अनदेखा करता है और उपस्थित नहीं होता है तब क्या दंडात्मक कार्यवाही होगी जानिए/CPC.....

जब किसी भी व्यक्ति को किसी बात को प्रकट करने के लिए, दस्तावेज पेश करने के लिए, गवाही देने के लिए या शपथ पत्र में माध्यम से बात करने के लिए न्यायालय द्वारा समन भेज दिया गया हो और व्यक्ति जानबूझकर के न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करता है या समन को अनदेखा करता है और न्यायलय में उपस्थित नहीं होता है तब ऐसे व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय क्या दंडात्मक कार्यवाही करेगा जानिए।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

**सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की धारा 32 की परिभाषा?**

अगर कोई भी व्यक्ति चाहे वह पक्षकार हो चाहे न हो समन तामील होने के बाद न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है तब उस व्यक्ति पर निम्न दंडात्मक कार्यवाही हो सकती है-

1. उसकी गिरफ्तारी के लिए वारण्ट निकल सकता है।
2. उसकी संपत्ति को कुर्क किया जा सकता है और बेचा जा सकता है।
3. उसके ऊपर पांच हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
4. उससे सिक्योरिटी भी ली जा सकती है ओर उसे गिरफ्तार कर सिविल जेल में भेजा  जा सकता है।

# स्किल डिमांड और स्किल सप्लाय के बीच के गैप को कम करेगी मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनाः मुख्यमंत्री

### युवाओं और व्यावसायिक संस्थानों दोनों के लिए ही समान रूप से उपयोगी और लाभकारी है योजना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में आरंभ की गई मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना स्किल डिमांड और स्किल सप्लाय के बीच के गैप को मिटाकर भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस योजना से उद्योगों, सर्विस सेक्टर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जरूरत के अनुसार युवाओं को काम सीखने का मौका मिलेगा और व्यावसायिक संस्थानों को काम के लिए रेडी वर्कफोर्स उपलब्ध होगा। यह योजना युवाओं और व्यावसायिक संस्थानों दोनों के लिए ही समान रूप से उपयोगी और लाभकारी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान नई दिल्ली में आयोजित फिक्की (फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज) की कार्यशाला को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। नई दिल्ली में हुई कार्यशाला में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव, फिक्की के सेक्रेटरी जनरल श्री शैलेष पाठक सहित विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं और उद्योग समूहों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### हम युवाओं को प्रदेश के विकास में सहभागी बनाना चाहते हैं

*मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना, उनके साथ न्याय नहीं है। प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा और क्षमता है, हम उनका उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कौशल उन्नयन कर युवाओं को प्रदेश के विकास में सहभागी बनाना चाहते हैं। कौशल सीखने के दौरान युवाओं को आर्थिक अभाव न रहे, इस उद्देश्य से स्टायपेंड की व्यवस्था भी की गई है। यह युवाओं को पंख देने की योजना है ताकि वे अपने सपने पूरे करने के लिए ऊँची उड़ान भरने में सक्षम और आत्मनिर्भर बनें।*

### प्रदेश के बाहर के उद्योग भी वैकेंसी क्रिएट करने के लिए पात्र

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस योजना में प्रदेश के बाहर के उद्योग भी वैकेंसी क्रिएट करने लिए पात्र हैं। प्रदेश के युवा कर्मठ, दक्ष और ऊर्जा से भरपूर हैं। उन्होंने उद्यमियों से अपने संस्थानों में प्रदेश के युवाओं को इंटर्न के रूप में प्रवेश देने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ये युवा अपनी कार्यकुशलता और कर्मठता के आधार पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

# 10 जुलाई को इंदौर में एक लाख लाड़ली बहनों सहित प्रदेशभर की बहनें लेंगी शपथ

### मुख्यमंत्री श्री चौहान इंदौर के सुपर कॉरीडोर ग्राउण्ड से करेंगे बहनों को संबोधित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की पहल है। लाड़ली बहनें विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलवाने के लिए भी आगे आ रही हैं। प्रदेश के जिलों में समाज के लिए कुछ करने के भाव से लाड़ली बहनों ने खुद पहल की है। राज्य शासन ने लाड़ली बहनों को सार्थक भूमिका के निर्वहन के लिए प्रशिक्षण भी दिया है। यह प्रशिक्षण समाजोपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान सोमवार 10 जुलाई को इंदौर से प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक बहनों के खाते में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। वे प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद लाड़ली बहनों को वर्चुअली संबोधित भी करेंगे। मुख्यमंत्री 10 जुलाई को धार जिले में हो रहे लाड़ली बहना सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर्स इंदौर से राज्य स्तरीय एवं जिलों के कलेक्टरों से जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की है।

### योजना के प्रति जिलों में उत्साह का वातावरण

मुख्यमंत्री श्री चौहान को कलेक्टर्स द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रति काफी उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम की जोर-शोर से तैयारी की जा रही हैं। बहनों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान को 101 फीट की विशाल राखी भेंट की जाएगी। स्वराज संस्थान के सहयोग से महिला स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी देने वाली चित्र प्रदर्शनी भी लगेगी। लाड़ली बहना सम्मेलन में विभिन्न गतिविधियां भी होंगी।

### प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को मिलेगी ट्रेनिंग

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक जिले में गठित लाड़ली बहना सेना की सदस्यों को विशेष ट्रेनिंग मॉड्यूल का लाभ मिल रहा है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में यह प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी जिलों को यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सभी लाड़ली बहनें प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित होंगी। प्रदेश में लाड़ली बहना सेना के गठन के बाद समस्त नाम पोर्टल पर दर्ज भी किए गए हैं। डीबीटी से संबंधित श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रदेश में आगर मालवा अव्वल स्थान पर है, जहां कुछ ही प्रकरणों में डीबीटी कार्य शेष है।

## सीधी में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने की घटना बेहद शर्मनाक: कृष्णा चौधरी

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश मीडिया समन्वयक कृष्णा चौधरी ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि सीधी में हुई एक आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने की घटना बेहद शर्मनाक है इस तरह की घटनाएं मानवता के लिए शर्मनाक और निंदनीय हैं। यह खबर समाज में किसी भी समुदाय के साथ न केवल मानसिक बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से एक गंभीर परेशानी को दर्शाती है। इस घटना की वजह से समाज को एक बार फिर से सोचने पर मजबूर होना चाहिए कि हमारे समाज में ऐसे अशोभनीय और अनैतिकतापूर्ण आचरण को कैसे रोका जा सकता है। न सिर्फ दलित, आदिवासी समुदाय बल्कि किसी भी समुदाय के इंसान के साथ बदसलूकी करना उचित नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के लिए घातक हैं। इससे अराजकता और तानाशाही का माहौल बनता है। आरोप है कि पेशाब करने वाला व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। मध्यप्रदेश पहले ही दलित आदिवासी अत्याचार में नंबर वन है। इस घटना ने पूरे मध्यप्रदेश को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने कहा,मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि दोषी व्यक्ति को सख्त से सख्त सजा दी जाए और मध्यप्रदेश में दलित,आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को समाप्त किया जाए।



# युवीन पोर्टल से होगा 7 अगस्त से नियमित टीकाकरण: स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में 7 अगस्त से नियमित टीकाकरण युवीन पोर्टल से संचालित होगा। कोविन पोर्टल से हुए कोविड टीकाकरण की तरह ही युवीन पोर्टल से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम संचालित होगा। डॉ. चौधरी राज्य स्तरीय मीजल्स रूबेला निर्मूलन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में टीकाकरण साल-दर-साल प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान में 2 करोड़ 32 लाख का रिकॉर्ड टीकाकरण किया गया। टीकाकरण में मैदानी अमले के टीकाकर्मी आशा और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कार्य सराहनीय है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि मीजल्स रूबेला से मुक्त प्रदेश और देश बनाने के हमारे संकल्प को साकार करने में सभी जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मोबाइल फोन और आइडेंटिटी कार्ड के साथ टीकाकरण सत्र स्थल पर जाने से अगले टीके के समय का एसएमएस प्राप्त होता है। इसलिये पालक अथवा अभिभावक जो मोबाइल नम्बर टीकाकरण टीम को दें, उसे अगले 5 साल तक नहीं बदले, ताकि बच्चों को लगने वाले टीके की जानकारी उनके मोबाइल पर एसएमएस से प्राप्त होती रहे। टीकाकरण सर्टिफिकेट भी मोबाइल पर मिल जाता है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश और देश में पिछले सालों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। कोरोना पर नियंत्रण और कोरोना टीकाकरण में देश में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।




देश ने अपनी आवश्यकता की पूर्ति के साथ ही दुनिया के 100 देशों को कोरोना वैक्सीन उपलब्ध करवाई है। भारत में इलाज कराने के लिये दुनिया के अनेक देशों से लोग आते हैं। हमारे यहाँ कई देशों की तुलना में सस्ता और अच्छा उपचार उपलब्ध है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। इन्द्रधनुष आपरेशनल गाइड-लाइन का विमोचन किया और सम्पूर्ण टीकाकरण करवाने का संकल्प भी दिलाया। एम.डी. एन.एच.एम. श्रीमती प्रियंका दास, एन.एच.एम. डायरेक्टर (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला, नेशनल प्रोग्राम अधिकारी डब्ल्यू.एच.ओ. और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत- बौरीडाड सरपंच पर लगे गंभीर आरोप ... न्याय की गुहार लगा ग्राम वासियों ने की शिकायत

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**




एमसीबी जिला क्षेत्र अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत बौरीडाड जहां ग्राम वासियों के द्वारा सरपंच के विरुद्ध संयुक्त रूप से मोर्चा खोल अपनी आवाज बुलंद करते हुए कलेक्टर एमसीबी, थाना प्रभारी, एसडीएम, मुख्यमंत्री, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ सहित पुलिस अधीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र प्रेषित करते हुए वर्तमान सरपंच पर कई प्रकार के गंभीर आरोप लगा कार्यवाही किए जाने की मांग किया जा रहा है। उक्त दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार उल्लेखित किया गया है कि बौरीडाड सरपंच निविश लकड़ा ग्राम मिलनपथरा बौरीडाड मनेंद्रगढ़ जिला एमसीबी छः ग के द्वारा करण तिर्की के परिवार तथा परमिला मिंज के परिवार सहित मिलनपथरा ग्रामवासी को प्रतिदिन प्रताड़ित करना एवं सरकारी स्कीम के पैसे पर घूस मांगना तथा धमकी देना वहीं उक्त पत्र में यह भी उल्लेखनीय किया गया है की प्रताड़ना तथा धमकी से बौरीडाड सरपंच निविश लकड़ा से दुखी होकर एवं त्रस्त हो फरियाद करते हुए गंभीरता से विचार कर न्यायोचित कार्यवाही की गुहार भी लगाई गई है उक्त विषय पर जब मीडिया द्वारा सरपंच महोदय से संपर्क सूत्र माध्यम संपर्क करते हुए उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई परंतु शायद सरपंच महोदिया व्यस्त थी उक्त वजह से संपर्क नहीं हो सका गौर करने वाली बात है कि इन सब लगे आरोपों को भी नकारा नहीं जा सकता अब देखना यह होगा कि आखिरकार ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक रूप से हस्ताक्षर युक्त किए गए शिकायत पत्र पर कब होती है उचित कार्यवाही या फिर यूं कहें कि उक्त शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल ग्राम वासियों की शिकायत को नजर अंदाज किया जाएगा

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से नरयावली विधानसभा की जनता चेहरा बदलने की कर रही मांग

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सागर। नरयावली विधानसभा कांग्रेश के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों और समस्त कर्मचारी संगठन के अध्यक्षों के द्वारा भोपाल जा कर पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय कमलनाथ जी से मिल कर नरयावली विधानसभा से लीलाधर अहिरवार को कांग्रेस से टिकट दिए जाने की मांग की गई और सभी ने कहा अगर नरयावली विधानसभा में इस बार चेहरा बदलकर नया चेहरा लीलाधर अहिरवार को टिकट दिया जाता है तो हम सभी आपको नरयावली विधानसभा की जीत कर देंगे आपको बता दे कि लीलाधर अहिरवार के द्वारा पिछले कुछ दिनों से अपनों से अपनी बात कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत नरयावली विधानसभा क्षेत्र के के ग्राम पंचायत जैसे पामाखेडी, परसोरिया, मकरोनिया,कर्रापुर, नरयावली, सिरोज़ा, बम्होरी बीका, बम्होरी,खेजरा बुधु, रिछावर, चाँदवर, भोहांरी,रिछोडा, श्यामपुरा, लौटना, लोटनी, बरारू, पटकुई गांव आदि में वहाँ के वरिष्ट जनों व आमजनों से संवाद किया जा रहा है वहां के लोगों की समस्याओं को जाना जा रहा है उनके निराकरण हेतु चर्चा की जा रही हैं गॉव के लोगों द्वारा अपनों से अपनी बात कार्यक्रम की सराहना भी की जा रही है एवं गॉव - गॉव में लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है लोगों में परिवर्तन की आस दिखाई दे रही है जिससे नरयावली विधानसभा में विकास हो सके। मांग करने

**आपकी बार नरयावली विधानसभा में सिर्फ लीलाधर अहिरवार**





वालों में खेजरा बुद्ध सरपंच,ग्राम पंचायत रिछोडा सरपंच, नया खेड़ा सरपंच ,बाछ्लोन सरपंच पामाखेड़ी पूर्व सरपंच राजा पामाखेड़ी, जनपद सदस्य शंकरलाल बड़कुल, दशरथ बड़कुल धन प्रसाद माते रविदास आश्रम के गुरु जी अजाक्स संभागीय महासचिव जिला अध्यक्ष जिला महासचिव सागर तहसील अध्यक्ष अहिरवार महापंचायत जिलाध्यक्ष अनिल अहिरवार एवं समस्त सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष समस्त कर्मचारी संगठनों की अध्यक्ष गणों ने नरयावली विधानसभा से युवा प्रत्याशी लीलाधर अहिरवार को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की गई।

# प्राचार्यो को 50% से कम परिणाम वालों को जारी करें नोटिस, बेहतर को दे प्रशस्ति पत्र- प्रभारी कलेक्टर

## शिक्षा विभाग के अधिकारियों की प्रभारी कलेक्टर ने ली बैठक

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**




शहडोल। प्रभारी कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्र ने आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं विद्यालय के प्राचार्यो की बैठक ली। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने विद्यालयों के कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के परिणामों की जानकारी ली। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग श्री आनंद राय सिन्हा को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों के परिणाम 50त्न से कम है उन्हें आगामी 2 दिवसो में शो काज नोटिस दे। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों के परिणाम 85त्न से ऊपर हैं उन विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र दे। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कमजोर हैं उनकी अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर बेहतर स्तर पर ले जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में बेहतर पढ़ाई हो और बच्चों से पहले शिक्षक पहुंचे और बच्चों के जाने के बाद विद्यालय से शिक्षक जाएं इसकी मानिटरिंग संकुल प्राचार्य करें। उन्होंने कहां की बच्चों की पढ़ाई का हर महीने एक्सेसमेंट करें और जिन प्राचार्य और शिक्षकों को अवकाश लेना हो वो आवेदन दे । उन्होंने कहा कि बच्चो के माता पिता से सहयोग ले और पैरेंट्स मीटिंग जरूर करे। उन्होंने कहा की हर बच्चों को जानकारी रखे यदि विद्यालय का खराब रिजल्ट आता है तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बेहतर परिणाम आने पर पचगांव सहित अन्य विद्यालयों के प्राचार्यो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रभारी कलेक्टर ने संकुल प्राचार्यो को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों की मरम्मत कार्य या अन्य कार्य की जरूरत हो तो उसके प्रस्ताव प्रस्तुत करें। प्रभारी कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्र ने विद्यालयों के परिणाम शत प्रतिशत लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में विद्यालयों के संकुल प्राचार्य, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 24 घण्टे के अन्दर छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार करने मे थाना मलावर पुलिस को मिली सफलता

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**



महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधों में त्वरित संज्ञान लेकर कार्यवाही के तहत पुलिस टीम के प्रयासों के चलते वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ दुष्कर्म /अपहरण/छेड़छाड़ के आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु जिले में जारी अभियान के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 04.07.2023 को फरियादिया ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 28.06.2023 को सुबह 10.00 बजे आरोपी कैलाश भिलाला निवासी ग्राम खेजड़खो द्वारा फरियादिया के घर मे घुसकर बुरी नियत से ब्लाउज फाड़ कर छेड़छाड़ कर जमीन पर पटक देने के संबंध मे रिपोर्ट करने पर थाना मलावर मे अपराध क्रमांक 183/2023 धारा 354, 354(क), 452 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है दौराने विवेचना प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी कैलाश भिलाला उम्र 30 साल निवासी ग्राम खेजड़खो थाना मलावर को दिनांक 05.07.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय ब्यावरा पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. जगदीश गोयल, उनि आशाराम भल्लावी, प्रआर.837 नगर सिंह, मआर.879 मनीषा पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# एक स्टेशन एक उत्पाद रेलवे स्टेशनों पर वरदान-नासिर राजा

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**



अनूपपुर।रेलवे श्रमिक संघ शाखा अनूपपुर के अध्यक्ष नासिर राजा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांछी योजना के अंतर्गत एक स्टेशन एक उत्पाद का निश्चित ही एक स्टेशन,एक उत्पाद की योजना से रेलवे द्वारा सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है।जहां उन्हें अच्छी चीजें आसानी से प्राप्त हो जाती हैं। यह योजना रेलवे स्टेशनों के लिए वरदान साबित हो रहा है ।इस अभिनव योजना के तहत अनूपपुर जंक्शन और बुढार रेलवे स्टेशन परिसर में एक उत्पादन स्टाल का शुभारंभ हुआ । बुढ़ार रेलवे स्टेशन एक उत्पादन स्टाल के शुभारंभ के अवसर पर श्रमिक यूनियन के शाखा के अध्यक्ष नासिर राजा ने कहा कि हमे हमेशा जंगल की लाभकारी जड़ी बूटियां का उपयोग नियमित रूप से करना चाहिए,जिससे हम और हमारा शरीर हमेशा स्वस्थ एवं निरोगी रहेगा।इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक रविशंकर, हरेंद्र चौबे, श्रीधर यादव आदि उपास्थित रहे ।

## अब, वक्त आ गया है खुद को जगाने का

जो मेरे दिल मे तड़प हैं
कुछ करने की ललक हैं
सीने मे जो दहक हैं
अब, वक्त आ गया हैं खुद को जगाने का
खुद को खुद से पहचान कराने का
बचपन से देखा है, जो ख्वाब
लक्ष्य को पाने की चाहत है
अब तो रास्ते मे चलना ही पडेगा
कुछ भी हो जाये, तेरे साथ जीना ही पडेगा
अब, वक्त आ गया हैं खुद को जगाने का
खुद को खुद से पहचान कराने का
बावरा हो गया हूँ,तुझको पाने के लिए
ऐ मज़िल,आवारा हो गया हूँ
बंजारा बनके फिरता हैं, मन मेरा
मुसाफ़िर की तरह ढूढ़ता हैं,दिल मेरा
मरने से पहले तुझको पाना हैं
जिन्दगी अब सिर्फ तेरे लिए ही जीना हैं
अब, वक्त आ गया हैं खुद को जगाने का
खुद को खुद से पहचान कराने का
लोग ताने मारेंगे, असफला मिलेगी
तो जिन्दगी भर कोसेंगे
और सफलता मिलेगी, तो ताली मारेंगे
परवाह नहीं हैं मुझे
ऐसी बातो की, किसी के ताने का
कुछ कर गुजरना हैं तो
जोखिम तो उठाना ही पड़ेगा
जो ठान लिया है तो
खुद को जगाना ही पडेगा
अब, वक्त आ गया हैं खुद को जगाने का
खुद को खुद से पहचान कराने का



Poetry / By
R.Surya

# डिविजनल हॉस्पिटल शहडोल की समस्याओ को लेकर श्रमिक यूनियन ने कराया अवगत

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्रमिक यूनियन अनूपपुर शाखा के अध्यक्ष एवं प्रवक्ता नासिर रजा ने बताया कि आज 5 जुलाई 2023 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने मनोज बेहरा महामंत्री ,श्रमिक यूनियन के नेतृत्व में 5000 रेलवे कर्मचारी जोकि कार्यरत हैं अनूपपुर जैतहरी कोतमा बिजुरी वेंकटनगर और शहडोल एवं उमरिया जिले के अंतर्गत अपने स्वास्थ सेवाओं के लिए बिलासपुर रेलवे चिकित्सालय पर आश्रित रहते हैं जिसके कारण कई बार दुर्घटना कर्मचारियों के साथ घटती रहती है अगर शहडोल रेलवे चिकित्सालय को उन्नयन करते हुए व्यवस्थित कर दिया जाता है तो निश्चित ही रेलवे के साथ-साथ कर्मचारियों का भी भला हो सकेगा इस संबंध में उनके स्वास्थ संबंधी समस्याओं को लेकर रेल अधिकारी विश्राम ग्रह में नवागंतुक बिलासपुर से पधारे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चिकित्सा विभाग के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक रविंद्र शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर डॉक्टर बी



जामकियार जी का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सब डिविजनल चिकित्सालय शहडोल, की समस्याओं एवं उसके सुविधाओं के विकास के लिए उनको अवगत कराते हुए समाधान करने की मांग की और प्रतिनिधिमंडल के द्वारा बताया गया कि एक समय में शहडोल इंडोर चिकित्सालय में 50 बेड की व्यवस्था रहती थी जहां पर की लगड्डभग 5000 कर्मचारी चिकित्सा का लाभ प्राप्त करते थे जोकि अब चिकित्सकों और कर्मचारियों का अभाव और रेल प्रशासन की उदासीनता के कारण धीरे-धीरे घटते हुए 5 बिस्तर तक पहुंच गई जिसके फलस्वरूप आज रेलवे चिकित्सालय शहडोल , के विकास के लिए प्रतिनिधि मंडल द्वारा मांग की गई चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए ,सभी प्रकार की दवाइयों का पर्याप्त भंडार रहे ,इंप्रेस्ट मनी को 15000 से बढ़ाकर 50,000 किया जाए जिससे चिकित्सालय में दवाई ना होने पर मरीजों को बाजार से दवाई प्राप्त हो सके साथ एक्स-रे, एम आर आई सिटी स्किन एवं पैथोलॉजी के लिए प्राइवेट संस्थाओं से अनुबंध किया जाए जिससे कर्मचारियों को बेहतर इलाज हो सके जिसके उपरांत मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉक्टर रविंद्र शर्मा ने पूरी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और उसे जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया उपरोक्त सभी सुविधाएं रेलवे चिकित्सालय चाडोर में उपलब्ध हो जाने से अनूपपुर शहडोल और उमरिया जिले के रेलवे में कार्यरत रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य समस्या हेतु भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें उचित इलाज मिल सकेगा आज उपस्थित प्रतिनिधिमंडल में विशेष रूप से ए के मोहंती ,पी श्रीनिवास राव, नासिर रजा एवं संतोष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## जाटव समाज के जिलाध्यक्ष बने विनोद कुमार जाटव



**गढ़ी।** जाटव समाज संभागीय समिति की जिला शाखा रायसेन में 2 जुलाई को जाटव समाज की बैठक रखी गई और जिसमें जाटव समाज के जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जिसमें सर्व समाज की सहमति से जिला अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार जाटव जी बेगमगंज वालों को निर्विरोध जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया विनोद जाटव जी ने कहा है कि समाज के प्रति मेरी भी मन दिली इच्छा है समाज सेवा करना समाज को उस मुकाम तक पहुंचाना जहां तक समाज का विकास हो सके समाज का पिछड़ा होना बहुत ही हानिकारक है इसलिए समाज सेवा में करने का मेरा भी मन है जोकि समाज की सेवा में ऐसा कार्य करूंगा कि कोई भी गरीब बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे स्वास्थ्य से वंचित ना रहे समाज में फैली कुरीतियों को अंकुश लगाने का कार्य करेंगे और देश समाज प्रदेश के लिए कार्य करेंगे देश के लिए जरूरी है शिक्षित होना संगठित होना और संघर्ष करना संघर्ष करके ही आदमी अपनी मंजिल हासिल कर पाता है समाज के जिला अध्यक्ष बनने पर समाज जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी जिसमें जाटव समाज संभागीय भोपाल अध्यक्ष डॉक्टर संतोष जाटव, सह सलाहकार बाबूलाल जाटव, सह सलाहकार प्रताप सिंह जाटव , भैयालाल, रघुवीर सिंह जाटव, सहसचिव मोहन लाल जाटव, रमेश जाटव, मिश्रीलाल तिलचोरिया,पूर्व जिलाध्यक्ष विमलेश जाटव, बृजेश जाटव उपसरपंच,अजेश जाटव, रमेश जाटव, गेंदालाल जाटव, सुरेश जाटव पूर्णजिलाध्यक्ष, इमरतलआल जाटव , बृजलाल जाटव, कीरतसिंह जाटव, पन्नालाल जाटव,पहलाद सिंह जाटव, रमेश जाटव सिलवानी,पेम जाटव , बृजेश कुमार विरहोली , कमलेश जाटव, प्रकाश बाबू जाटव समस्त जिला के समाजजनों ने शुभकामनाएं।

## 'जनपद स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को निधारित समय-सीमा पर पूर्ण करें-लल्ली सिंह'

**उमेश तिवारी /कोरिया**



कोरिया /जनपद पंचायत सोनहत की सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष लल्ली सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनपद सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सभी विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी, इसके साथ ही बैठक में कृषि विभाग के द्वारा खरीफ फसल हेतु खाद बीज की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मौसमी बीमारियों से रोकथाम के सम्बंध में जानकारी दी गई। जनपद अध्यक्ष श्रीमति लल्ली सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को क्लोरिन की गोली तथा ब्लीचिंग पाउडर का वितरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जनपद स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को निधारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए। जनपद अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा मद के सभी कार्य को सितंबर तक पूरा करने निर्देश दिए तथा 15 वें वित्त एवम जनपद विकास निधि के समस्त प्रस्तावित कार्यों के प्राक्कलन 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के निर्माणाधीन कार्यों को जल्द पूर्ण करने को कहा।

बैठक में सभी हैण्डपम्पों का मरम्मत कर, सोखता गड्ढा बनाने पर जोर देते हुए लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग से जनपद क्षेत्र में स्थापित हैंड पंप की जानकारी चाही गई परंतु विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जाने पर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की, अध्यक्ष श्रीमति लल्ली सिंह ने 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण जानकारी जनपद कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा। जनपद सदस्यों द्वारा बैठक में पेंशन योजना और सुखद सहारा योजना के पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रदान की गई,तथा जनपद अध्यक्ष द्वारा खण्ड स्तरीय अधिकारियों से अपने-अपने विभाग में चल रहे गतिविधियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों को समय समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में मुख्य रूप से जनपद सदस्य कृष्ण कुमार राजवाड़े, रामप्रताप सिंह मरावी, प्रकाश चंद, सोनिया राजवाड़े, मनमती सिंह, श्वेता सिंह, शिवकुमारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पन्ना, शशि जायसवाल महिला बाल विकास, जयंत पैकरा कृषि, आर एस चंदे पशु विभाग प्रतीक जयसवाल कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा उपस्थित रहे।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम चूरना परिक्षेत्र डबरा बीट में बाघ शिकार प्रकरण जाँच की जा रही है



**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम चूरना परिक्षेत्र डबरा बीट में बाघ शिकार प्रकरण की जाँच सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं एस.टी.सी.एफ. जाँच दल द्वारा वन क्षेत्र, राजस्व क्षेत्र और ग्रामों में गश्ती एवं पूछताछ की जा रही है। इस प्रकरण में स्थानीय पुलिस का सहयोग भी लिया जा रहा है। उप संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम, अधीक्षक बोरी अभयारण्य इटारसी एवं परिक्षेत्र अधिकारी तवा बफर ने तत्काल मौके पर पहुँच कर स्थल का निरीक्षण किया। टाइगर के पाये गये कटे हुए सर एवं अन्य अवयवों को जब्त किया गया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं रातापानी के डॉग स्क्वाड दल द्वारा घटना स्थल की जाँच की गई है। इसके लिये डॉग स्क्वाड द्वारा धांसई ग्राम के कुछ स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिसकी विवेचना की जा रही है। क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम ने बताया कि वन्य प्राणी चिकित्सक रातापानी द्वारा मृत टाइगर के सर का परीक्षण एवं माप और बाल, माँस के सेम्पल लेकर सील कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि कटे हुए सर एवं अन्य सेम्पल को वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एण्ड हेल्थ सेंटर जबलपुर को परीक्षण के लिये भेज दिया गया है।

## विवेक पथोरिया बने जिला मीडिया प्रभारी

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग नर्मदापुरम के जिलाध्यक्ष इंजीनियर अजय अहिरवाल जी के द्वारा नर्मदापुरम जिला कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें विवेक पथोरिया को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर जिम्मेदारी दी गई जो कि मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री कमलनाथ जी के निर्देशानुसार व प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष माननीय श्री प्रदीप अहिरवार जी की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग नर्मदापुरम में नियुक्ति की गई। जिस पर कांग्रेस के नेताओं द्वारा पथोरिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तथा कांग्रेस परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

## इस वर्ष एबीपी का 75 वा स्थापना दिवस

**हल्केवीर**



**उदयपुरा।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उदयपुरा नगर की बैठक संपन्न हुई जिसमे 9 जुलाई राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की एवं रूपरेखा तैयार की। उदयपुरा इकाई के अध्यक्ष रमाकान्त चौहान ने बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसकी स्थापना 9 जुलाई को हुई थी और एबीवीपी अपने स्थापना दिवस को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाती है, एबीवीपी का छात्र संगठन संपूर्ण भारत में बहुत ही तेजी से बढ़ने वाला संगठन है, और छात्र हित में हमेशा अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आगे खड़ा रहता है। इसीलिए नगर उदयपुरा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य रुप से आने वाली 9 जुलाई को अखिल भारतीय विश्व विद्यार्थी परिषद ने आवाहन किया कि इस कार्यक्रम को भव्य रुप से मनाएं। नगर उदयपुरा की बैठक के माध्यम से एबीवीपी की स्थापना का 75 वाँ वर्ष है, इसलिए एबीवीपी के कार्यकर्ता बहुत धूम धाम से मनाये। इस दौरान जिला संगठन मंत्री महिमा जी दुवे उपस्थित रहीं जिसमें नगर मंत्री आशुतोष धाकड़ निखिल राजपूत शुभम मालवीय विकास धाकड़ हर्ष राजपूत मानव वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बहुत ही धूमधाम से मनाया गया सामाजिक कार्यकर्ता गोटीराम अहिरवार जी का जन्मदिन।



**हल्के वीर**

देवरी। देवरी नगर परिषद तथा रायसेन जिले में यह नाम किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है, सामाजिक कार्यकर्ता गोटीराम अहिरवार जी लगातार समाज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं सामाजिक संगठनों के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं उन्होंने नगर देवरी में कुप्रथा को बंद करने का प्रथम कार्य किया था। उनके तथा समाज के व्यक्तियों द्वारा नगर परिषद देवरी में भव्य सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जो पूरे रायसेन जिले में एक अलग ही पहचान देते हैं। दिनांक 5.7.2023 को सामाजिक कार्यकर्ता गोटीराम अहिरवार जी जन्मदिन मनाया। तमाम संगठनों से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष और सोशल मीडिया के माध्यम से उनको जन्मदिन की बधाइयां प्रेषित गईं जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। गोटीराम अहिरवार जी ने नगर परिषद देवरी में स्थापित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अपना जन्मदिन मनाया जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए सामाजिक कार्यकर्ता रमन बावने एवं नगर परिषद पार्षद दिनेश बघेल जी द्वारा अंबेडकर जी की छाया प्रति देकर सम्मानित किया गया। शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में देवरी संवाददाता हल्के वीर, सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश मांडरे,हल्के भैया, कैलाश बघेल, राजेंद्र आदि। आपको बता दें कि गोटीराम अहिरवार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष भी है।

## भोपाल के सुपर स्पेशलिटी नेशनल हॉस्पिटल में जन संपर्क अधिकारी नियुक्त हुए अतरसिंह

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कई दसकों से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका में नेशनल हॉस्पिटल शुमार है। मल्टीस्पेशलिटी एण्ड क्रिटिकल नेशनल हॉस्पिटल में



एडवांस लेसर लेप्रोस्कोपिक एण्ड यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एण्ड लीवर डिसीज, लेप्रोस्कोपिक एण्ड जी आई सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक एण्ड एंडोस्कोपिक गाइनेकोलोजी, पल्मोनोलोजी एंड थोरेसिक डिसिज, स्टोन, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट में बेहतर इलाज सेवा देता है। नव नियुक्त पब्लिक रिलेशनशिप ऑफिसर अतरसिंह ने बताया कि पब्लिक को जानकारियों के अभाव में सही समय पर सही अस्पताल नहीं मिलने पर जन - धन की क्षति का सामना करना पड़ता है। जबकि मल्टीस्पेशलिटी केयर नेशनल हॉस्पिटल न सिर्फ बेहतर इलाज देता है बल्कि जन सामान्य को उचित सलाह और मार्गदर्शन भी देता है। नव नियुक्त जन संपर्क अधिकारी श्री अतरसिंह को विश्राम सहपुरिया, रमन बामने, डॉ राजेश कुमार दया, कमलेश ठेकेदार, नागेश नरवरिया प्रधान संपादक महेंद्र कुमार, भारती एवं अन्य सैकड़ों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


## रक्षक पुलिस ही बन गई भक्षक, निर्दोष युवक को लात घुसा से मारकर किया घायल, जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है युवक

**संवाददाता हल्के वीर**

देवरी। देश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए न्यायालयों एवं पुलिस थानों की व्यवस्था की गई है इसके लिए। यदि कानून व्यवस्था में बैठे अधिकारी कानून की धज्जियां उड़ाएंगे तो कानून व्यवस्था का मतलब ही क्या रह जाएगा। ऐसा ही मामला तहसील देवरी का है जहां पर वार्ड क्रमांक 14 देवरी जिला रायसेन में निवासरत माता श्रीमती तुलसा बाई नोरिया पत्नी स्व श्री संतोष पुत्र रोहित नोरिया आयु 20 दिनांक 07.06.2023 को रोहित नोरिया पप्पू चौरसिया के ढाबा पर मुर्गा बनवाने के लिए गया था। तभी वहां पर शिवम राजपूत थे जिन्होंने 100 नंबर को कॉल करके बुलाया जिसमे शैलेश कुमार आदिवासी हेड कांस्टेबल आए जो



कि दोनों देवरी थाने में पदस्थ है। इन दोनों ने मिलकर ढाबा पर जाकर रोहित नोरिया को लातों से पेट में प्रहार किया जिसमें पेट में गंभीर चोटें आई हैं। उसी समय रोहित नोरिया की मम्मी को पता चला तब वह उसको देवरी सरकारी अस्पताल लेकर गई गंभीर चोटें होने के कारण डॉक्टरों ने उसे रायसेन रेफर कर दिया, रायसेन में



2 से 3 दिन रहने के बाद उन्होंने रोहित नोरिया को भोपाल रेफर कर दिया जो की हमीदिया अस्पताल में भर्ती है। उस दिनांक से आज दिनांक तक रोहित नोरिया जिंदगी और मौत के बीच तड़प रहा है। आज पूरा एक महीना हो गया है उसने आज दिन तक किसी भी प्रकार का खाना नहीं खाया। पूर्व में भी थाना देवरी, पुलिस अधीक्षक रायसेन, पुलिस महानिदेशक, मानवाधिकार आयोग एवं गृह मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत कर चुके हैं शिकायत करने के बाद भी पीड़ित युवक की कोई सुनवाई नहीं हुई। जैसा कि पीड़ित रोहित नोरिया की मम्मी ने बताया।


**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# ''अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन की सुरक्षा हेतु रक्तदान हमारा फर्ज है''- प्रधान जिला न्यायाधीश श्री बिसेन

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

यूँ तो संपन्न व्यक्ति को जब भी, जिस परिस्थिति में, जिस भी ब्लड ग्रुप के रक्त की आवश्यकता होती है, उस बावत् पंक्तिबद्ध होकर लोग हाजिर रहते हैं, लेकिन देश में बहुतायत में गरीब तबका ऐसा भी है जो सामान्य सी बीमारियों का उपचार नहीं करा सकता है और यदि उसे विशेष परिस्थिति में रक्त की आवश्यकता आ जाती है, तब भी आर्थिक रूप से सबल न होने के कारण रक्त के इंतजाम के लिये दर-बदर भटकता है, कई बार शासन द्वारा संचालित ब्लड बैंकों में भी रक्त की कमी होने जैसी कई विषम परिस्थितियों के कारण उसे असमय जीवन त्यागना पड़ जाता है जोकि संपूर्ण मानव जाति के लिये शर्म का विषय है। अतः ''अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन की सुरक्षा हेतु रक्तदान हमारा फर्ज है''। उक्त वक्तव्य प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय राजगढ़ श्री रत्नेश चंद्र बिसेन द्वारा दिनांक 01.07.2023 को जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर, राजगढ़ में व्यक्त किये गये है। इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा सचिव जिला अभिभाषक संघ,



शासकीय अधिवक्ता, राजगढ़ के समाजसेवियों सहित न्यायालय के प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारीगण सहित जिला चिकित्सालय राजगढ़ की चिकित्सकों एवं सहायक कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जिला न्यायालय, राजगढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम जिला न्यायालय राजगढ़ के मुखिया प्रधान जिला न्यायाधीश रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन द्वारा रक्तदान की पहल करते हुये रक्तदान किया गया, जिनसे प्रेरणा प्राप्त कर स्थापना पर अधिकांश न्यायिक अधिकारियों द्वारा भी रक्तदान किया गया। इसी कड़ी में अभिभाषक संघ, राजगढ़ के सचिव सहित अधिवक्ताओं, न्यायालय के अधिकारी, कर्मचारियों, पक्षकारगणों एवं आमजन, राजगढ़ के समाजसेवियों द्वारा बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई। रक्तदान शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा कुल 34 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। वर्ष 2023 में माह जुलाई के प्रथम दिवस में रक्तदान शिविर का आयोजन म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन तथा प्रधान जिला न्यायाधीश रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ के प्रयासों से सफलतापूर्वक जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर, राजगढ़ में आयोजित किया गया।

# गांजा के अवैध तस्करी के विरुद्ध अनूपपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**




पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चालया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन के संबंध में निरंतर प्राप्त हो रही शिकयतों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी अनुक्रम में दिनांक 28.06.2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बिहारीलाल गुप्ता निवासी सोन मौहरी अपने निर्माणधीन मकान, बाल्मिक पेट्रोल पम्प के बगल में, जैतहरी रोड अनूपपुर में अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने हेतु रखा है। सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुये अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन, एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरी.अमर वर्मा के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित कर, बिहारीलाल गुप्ता, निवासी सोन मौहरी के निर्माणधीन मकान, बाल्मिक पेट्रोल पम्प के बगल में, जैतहरी रोड अनूपपुर में सूचना की तस्दीक करने हेतु निर्देशित किया गया है। गठित विशेष टीम के द्वारा बिहारीलाल गुप्ता निवासी सोन मौहरी अपने निर्माणधीन मकान, बाल्मिक पेट्रोल पम्प के बगल में, जैतहरी रोड अनूपपुर में घेराबंदी की गई। इसी दौरान बिहारीलाल गुप्ता पुलिस टीम को देखकर अपने घर से भागने में सफल हो गया। कोतवाली टीम के द्वारा बिहारी लाल गुप्ता के घर की तलाशी लेने पर घर के दूसरे कमरे में एक काले रंग की बोरी मिली, जिसके अन्दर खाकी रंग की प्लास्टिक के पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा लगभग 50.3 किग्रा. जिसकी अनुमानित कीमत 5.03 लाख रुपये रखा था। जिसे कोतवाली अनूपपुर पुलिस टीम के द्वारा जप्त किया गया है। उक्त घटना पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अवैध मादक पदार्थ गांजा की विक्री करने पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में फरार आरोपी बिहारी लाल गुप्ता की पता तलाश के संबंध में अग्रिम विवेचना की जा रही हैं। नशेके विरुद्ध की गई इस प्रभावी कार्यवाही से गांजे के अवैध कारोबार में निश्चित रूप से अंकुश लगेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर एवं अति0 पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के निर्देशन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अमर वर्मा, उनि0 त्रिलोक वालरे, सउनि. सुरेन्द्र सिंह, नागेश सिंह, प्रआर.महेन्द्र राठौर, शेख रषीद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# लीगल अंबिट फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने जसपाल सिंह खींची

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

श्री जयपाल सिंह खींची की योग्यता कार्यानुभव व कानून के प्रति सजग एवं समाजसेवा के प्रति निष्ठाभाव को देखते हुए लीगल अम्बिट



फाउंडेशन के लीगल हेड मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाते हैं सरदार श्री तारासिंह की अनुशंसा एवं फाउंडर के सीईओ श्री महावीर पारीक साहब की विशेष सहमति ओर माननीय राष्टीय अध्यक्ष श्री रावधनबीर सिंह की विशेष अनुशंसा पर आपको प्रदेशाध्यक्ष (जनरल विंग लीगल अंबिट) मध्यप्रदेश के रूप में मनोनीत किया जाता है उम्मीद है आप लीगल अम्बिट के उद्देश्यों एवं महत्वपूर्ण कार्यों पर कार्य करते हुए लीगल अम्बिट का नाम मध्य प्रदेश मैं गोरावान्वित करेंगे और संगठन को अधिक से अधिक लीगल अंबिट फाउंडेशन में सदस्यों को जोड़ने का कार्य करेंगे लीगल अम्बिट का मुख्य कार्यालय हैदराबाद में हैं और लीगल अंबिट का मुख्य उद्देश सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 व पंचायतीराज अधिनियम 1994 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के प्रचार प्रसार एवं शासकीय कार्यों में हो रहे भर्ष्टाचार पर रोकथाम के लिए कार्य करता है लीगल अम्बिट में आपका स्वागत है हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

# पचोर पुलिस टीम द्वारा अंधे कत्ल का पर्दाफाश




**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

जिला राजगढ़ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीरेंद्र कुमार सिह (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त? पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद एवं एसडीओपी सारंगपुर सुश्री जोईस दास के नेतृत्वक मे थाना पचोर पुलिस टीम द्वारा अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर आरोपी गिरफतार कर आरोपी से मृतक का मोबाईल व सोने की 30 ग्राम की तिमनिया कीमती 1,92,000 /- रूपये का जप्तई किया गया । दिनांक 26.06.23 को फरियादी श्रीराम रूहेला निवासी पनवाडी ने सूचना दी कि दिनांक 24.06.23 को सुबह 09 बजे करीब उसका चचेरा भाई संजू ऊर्फ संजय रूहेला किशान क्रेडिट कार्ड के लोन के पैसे जमा करने सेंट्रल बैंक पचोर गया था जो वापस नही आया । जिसकी लाश आज दिनांक 26.06.23 को सूण्डी नाला मे पडी मिली । जो रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 37/23 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच मे लिया गया । जांच दौरान मृतक संजय के परिजनो द्वारा बताया गया कि दिनांक 26.06.23 को सुबह 09 बजे करीब यह लोग गांव के लखन पंडा के घर गये पण्डा ने जात्रा लगायी और बताया कि संजू का शव सूण्डी नाला मे पडा है तब लखन पण्डा के साथ मृतक के परिजन गांव के लोग सूण्डी नाला गये । जो लखन पण्डा के बताये स्थान पर मृतक संजू का शव मिला । मृतक संजय रूहेला की पोस्ट?मार्टम रिपोर्ट मे उसकी मृत्यु गला घोंटने से होना पायी गयी । जो अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 350/23 धारा 302 भा.द.वि. कायम कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना पर पाया गया कि मृतक संजय दिनांक 24.06.23 को सुबह 09 बजे करीब घर से मोबाईल सेंट्रल बैंक की पासबुक तथा 30 ग्राम सोने की तिमनिया साथ लेकर गिरवी रख बैंक का लोन चुकाने घर से निकला था । गांव के लखन पंडा द्वारा बताये स्थान पर लाश मिलने पर लखन पंडा शंका के दायरे मे आने से लखन पंडा के मोबाइल की सीडीआर निकलवायी गयी।

# जिले में अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ अभियान के तहत की जा रही लगातार कार्यवाही




**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की विशेष रिपोर्ट**

जिले में अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ अभियान के तहत की जा रही लगातार कार्यवाही के तहत कि जा रही पुलिस टीम ने आरोपी से 15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक किमती 1 लाख 50 हजार रुपये जप्त की गई। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत लगातार कार्यवाही जारी है वहीं जिले के सभी थाना प्रभारियों को कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 02.07.2023 को थाना प्रभारी खिलचीपुर को अपने विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति माण्ड़ाखेडा जोड पर अपनी पेंट की जैब में अवैध मादक पदार्थ स्मैक रख कर बैचने की फीराक में है। जिसे तत्काल दबिस देकर नहीं पकड़ा गया तो वह भाग सकते है। सूचना पर विश्वास रखते हुए थाना प्रभारी खिलचीपुर द्वारा आरोपीगण को पकड़ने की योजना तैयार की और टीम बनाई गई। इसी तारतम्य मे मनकामना प्रसाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री आनंद राय एसडीओपी खिलचीपुर को अवगत करा कर दिशा निर्देश प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु अपनी पुलिस टीम रवाना की गई पुलिस टीम के द्वारा माण्डाखेडा जोड पर पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये के व्यक्ति की तलाशी ली गई तथा आरोपी का नाम पता पूछा जिसने अपना नाम भंवरलाल तंवर निवासी ग्राम मंजुखेडा थाना घाटोली जिला झालावाड राजस्थान का होना बताया आरोपीगण के कब्जे से मादक पदार्थ 15 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक कीमती करीब 1,50,000/- रुपये की जप्त करने में सफलता हासिल की, आरोपीगण का उक्त कृत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से थाना खिलचीपुर में अपराध क्रमांक 324/23 पंजीबद्ध किया गया। आरोपीगण से अवैध मादक पदार्थ स्मैक लाने व बेचने के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों के बचाव हेतु सीएमएचओ ने जारी किया एडवाइजरी

**कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)**

शहडोल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस पांडे ने बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी किया है। एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों की से बचाव कैसे करे बारिश का मौसम बीमारियों का कारण क्यों बनता है ? ज़ मानसून के दौरान सडको के आसपास या आपके बगीचे में घर के कूलर में जमा होने वाले स्थिर पानी में मच्छरों की प्रजातिया पनपती है जो डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के वाहक हो सकते है। इन मच्छर जनित बीमारियों के सामान्य लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, मांशपेशियों में कमजोरी और दर्द शामिल है । बारिश में फैलने वाली बीमारिया क्या है ? मौसम बदलने से हवा में संक्रमण बढ जाता है और हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए किसी भी तरह का संक्रमण हमें आसानी से



अपनी गिरफ्त में ले लेता है । वारिश में आमतौर पर नजर आने वाली बीमारियो में शामिल है स्किन एलर्जी, डेंगू, फीवर, मलेरिया, और फ्लू नाक बहना छींके आना, साँस लेने में तकलीफ होना, खुजली होना, डेन निकलना, आँखों में जलन होना बार बार पानी आना, सुस्ती, सर में दर्द शरीर में दर्द कब्ज की समस्या मूड स्विंग और चिडचिडापन भी महसूस होने लगता है। इन समस्याओं से उभर पाना कठिन होता है ये बीमारिया लम्बे समय तक शरीर को प्रभावित करती है। बारिश में क्या करे -विटामिन सी का सेवन बढ़ाये। साफ़, उबला हुआ पानी पिए, मच्छरों के प्रजनन स्थल को नष्ट करे।नहाने के पानी में कीटाणुनाशक मिलाये। रेन कोट, रेन जैकेट, छाता का उपयोग करे। सोने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करे एवं फुल बाजु का कपडा पहने। बारिश में क्या न करे जंक फूड एवं बाहर खाना खाने से बचे। साँस की बीमारी से ग्रसित नागरिक बारिश में भीगने से बचे। बीमार होने पर खुद से दवा न करे। डॉक्टरी सलाह लेवे । घर के आसपास, घरों में पानी जमा न होने दे,गीले और गंदे कपडे न पहन। वायरल संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए भीड़ भाड़ वाली जगह में जाने से बचे।

# राजगढ़ जिले की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने 195 करोड़ रूपये स्वीकृत

**भोपाल।** राजगढ़ जिले की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने एवं विद्युत हानियों को कम करने के लिए 195 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं। इसमें से केन्द्र सरकार द्वारा रिवेंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के प्रथम चरण में 162 करोड़ रूपये और राज्य सरकार द्वारा 33 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि स्वीकृत राशि से किये जाने वाले कार्यों में 2 नग 132/33 के.व्ही. अति उच्च दाब पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, 70 किलोमीटर 132 के.व्ही. लाइन निर्माण, 12 नवीन 33/11 केव्ही उप केंद्र निर्माण, 16 उच्च दाब उप केंद्रों में क्षमता वृद्धि और अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापना, वोल्टेज व्यवस्था सुधार के लिए 48 स्थानों पर कैपेसिटर बैंक स्थापना, 99 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना, 1464 किलोमीटर निम्न दाब लाइनों का केबलिंग कार्य एवं 853 किलोमीटर उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण और कंडक्टर क्षमता वृद्धि के कार्य सम्मिलित हैं। इससे राजगढ़ जिले की लगभग 15 लाख की जनसंख्या लाभान्वित होगी। साथ ही आगामी 10 वर्षों की विद्युत मांग की सफलतापूर्वक पूर्ति हो सकेगी।

# एक आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने की घटना की कड़ी आलोचना, आदिवासी समाज का अपमान, लोकसभा विधानसभा चुनाव में जनादेश ना देने की अपील :श्रवण

**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट।**



शहडोल । मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक भाजपा नेता के द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना की बहुजन गोंडवाना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार चौधरी ने कड़ी निंदा करते हुए उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही एवं आगामी लोकसभा विधानसभा में भाजपा को जनादेश ना करने की पुरजोर अपील की है। बहुजन गोडवाना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार चौधरी ने भाजपा की शिवराज सिंह चौहान की सरकार को इस घटना को लेकर आदिवासी दलित विरोधी करार देते हुए कहा कि इस घटना ने आदिवासी समाज ही नहीं मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना को भाजपा विधायक के प्रतिनिधि भाजपा नेता के द्वारा अंजाम दिया गया है जो आदिवासी समाज के करोड़ों भाई-बहनों बंधुओं बच्चों का घोर अपमान है। बहुजन गोडवाना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार चौधरी ने प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारा मध्य प्रदेश आदिवासी बहुल क्षेत्र है और लगातार 15 वर्षों से भाजपा सरकार आदिवासी बहुसंख्यक विधायक के दम पर टिकी हुई है और उनके राज्य में इस प्रकार की घटना बीजेपी विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि द्वारा समाज को शर्मसार कर देने वाली घटना को अंजाम देने से यह पार्टी आदिवासी दलित विरोधी होने के सीधा संकेत कर दी है जिस आदिवासी समाज के दम पर सत्ता का सुख भोग रहे हैं आज उन्हीं के समाज के एक युवक के द्वारा सत्ता के नशे में चूर उक्त भाजपा नेता के इस शर्मसार घटना को अंजाम देने से इंसानियत घायल हो गई है आदिवासी समाज अपमानित महसूस कर रहा है आने वाले लोकसभा विधानसभा में भाजपा को छोड़कर सभी पार्टियों को जनादेश देने की अपील की है। बहुजन गोडवाना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार चौधरी ने कहा कि उक्त भाजपा के नेता के द्वारा उक्त आदिवासी युवक पर पेशाब करने की वीडियो वायरल हुआ है उक्त आदिवासी युवक का नाम पाले कॉल बताया जा रहा है जो सीधी जिला के करौंदी गांव का

# कलेक्टर ने स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण,लापरवाही पर 3 प्राचार्य और 2 शिक्षक को कारण बताओ नोटिस

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**






भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने बुधवार को सुबह स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया और लापरवाही पर 2 कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेवा समाप्त और तीन प्राचार्य को शो कॉज नोटिस जारी कर एक दिन का वेतन काटने के और असंचायी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए हैं । कलेक्टर ने स्कूलों के निरीक्षण के दौरान पाया की स्कूलों में बच्चों की संख्या काफी कम थी और स्कूल परिसर में अन्य व्यवस्थाएं भी ठीक नहीं थी। सूरज नगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय में शिक्षा के अतिरिक्त अन्य कार्य किए जा रहे थे।इस पर संबंधित प्राचार्य वन्दना उपाध्याय को शो काज नोटिस जारी कर असंचायी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए । इसके साथ ही संस्था में पदस्थ वर्षा का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1074 में पाया गया कि यहां पर 80 बच्चे पंजीकृत है। वर्तमान में केवल 13 बच्चे ही उपस्थित थे उनका रिकार्ड भी नही रखा जा रहा था और इसका जवाब मांगने पर संतुष्टि पूर्वक जवाब नही दिया गया जिससे संबंधी आगनवाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा जाटव की सेवा समाप्ति करने के निर्देश भी महिला बाल विकास अधिकारी को दिए गए हैं। कोटरा सुल्तानाबाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 2 शिक्षकों अवकाश पर हैं और 3 शिक्षक किसी अन्य कार्य में गए हुए हैं प्राचार्य रंजना सक्सेना भी बिना सूचना के उपस्थित रहे हैं इस पर एक दिन का वेतन काटने और असंचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है । स्टाफ पंजी का में गणक राजेश शुक्ला भी बिना सूचना के अनुपस्थित थे।इनका भी एक दिन का वेतन काटने और असंचायी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रातीबड़ के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिक्षक हेमंत श्रीवास्तव एक जुलाई से अनुपस्थित हैं और उनके द्वारा शैक्षणिक कार्य विद्यालय के काम में मदद नहीं दी जाती है एक भ्रुत्य विजय सिंह परिहार संस्था में कोई काम में सहयोग नहीं करते है। इस बात को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं । एक अन्य भृत्य सच मोहन वर्मा द्वार भी विद्यालय में अशोभनीय वातावरण और असहयोग करते है। इनका भी 1 दिन का वेतन काटने के साथ ही असंचायी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने के रोकने के लिए भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने को कहा गया है। विद्यालय की प्राचार्य शशि सिंह के द्वारा प्रभावी नियंत्रण नहीं किए जाने के कारण इनको भी असंचायी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने के लिए सूचना पत्र जारी करने को कहा गया ।

# भीम आर्मी चीफ चन्द्र शेखर आजाद जी पर हुए जानलेवा हमले के विरोध व भाजपा विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने शराब के नशे में धुत होकर आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले में सिरोंज में भीम आर्मी ने किया विरोध विशाल ज्ञापन प्रदर्शन

**नागेश नरवरिया (प्रधान संपादक)**

भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.चन्द्रशेखर आजाद जी पर सहारनपुर के देववन्ध में हुआ जानलेवा हमले के विरोध में भीम आर्मी सिरोंज ने संभाग अध्यक्ष गब्बर सिंह जी के नेतृत्व में पुरानी बस्टेण्ड डॉ अम्बेडकर प्रतिमा से नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय सिरोंज पहुँचे और तहसील कार्यालय के सामने धरने पर बैठे गए भीम आर्मी ने तहसील दार को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि भीम आर्मी चीफ पर जो जानलेवा हमला हुआ है वो बहुत दुःखदाई मुद्दा है। इस घटना से पूरे बहुजन समाज मे आक्रोश हैं भीम आर्मी समय-समय पर चन्द्रशेखर आजाद जी की सुरक्षा की मांग करती आई है लेकिन सरकार ने आज तक जानबूझकर कोई ध्यान नही दिया शासन प्रशासन की शिथिलता के कारण ही यह घटना घटित हुई हैं सरकार के ढीले रवैये के कारण ही अपराध बढ़ रहे है भीम आर्मी ने ज्ञापन देकर मांग की की उक्त घटना के आरोपी जो दोषी गिरफ्तार हुए उनके विरुद्ध रासुका की कार्यवाही की जाए चन्द्रशेखर आजाद जी को ग्रह मंत्रालय से स्पेशल जेंड प्लस सुरक्षा दी जाए व उक्त मामले को फ़ास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाकर दोषियों को सजा दी जाए। भीम आर्मी ने सोशल मीडिय पर वायरल हुई सीधी जिला के भाजपा विधायक के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने शराब के नशे में धुत होकर आदिवासी युवक पर पेशाब किया भीम आर्मी इस घटना ने पूरे मध्यप्रदेश को शर्मसार कर दिया है-गब्बर सिंह भीम आर्मी संभाग अध्यक्ष गब्बर सिंह ने बताया कि क्या भाजपा का यही आदिवासी प्रेम है की मध्यप्रदेश में आदिवासी पर हो रहे अत्याचार में नम्बर वन है आदिवासियों के हितों की झूठी बाते करने वाली भाजपा नेता एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाव करना अति निंदनीय कृत्य है इस मौके पर आसिफ बेग आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष ,शेर सिंह जाटव,संजू जाटव, निर्मल प्रभाकर,अभिषेक,संतोष, सभी भीम आर्मी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।





भीम आर्मी भारत एकता मिशन

संभाग संयोजक गब्बर सिंह मो.9977602156

क्रमांक- BA/MP/A-09

प्रति,

महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी

भारत सरकार नई दिल्ली

द्वारा– अनुविभागीय अधिकारी महोदय तहसील कार्यालय सिरोंज जिला विदिशा म.प्र.

विषय :– सोशल मीडिया पर वायरल हुए शर्मनाक वीडियो मे भाजपा विधायक के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने नशे मे धुत होकर आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले मे आरोपी पर कार्यवाही के संबंध में ।

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए शर्मनाक वीडियो जो मानवता को शर्मसार करता है मध्यप्रदेश मे सीधी जिला के भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला के विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने नशे मे धुत होकर सिगरेट फेंकता हुआ एक आदिवासी युवक पर पेशाब कर रहा है । इस घटना ने पूरे मध्यप्रदेश को शर्मसार कर दिया है । क्या भारतीय जनता पार्टी का आदिवासी प्रेम यह ही है कि मध्यप्रदेश मे आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार मे नम्बर वन है । आदिवासियों के हितो की झूठी बात करने वाली भाजपा नेता एक आदिवासी गरीब व्यक्ति के ऊपर इस तरह पेशाब कर रहा है अत निंदनीय कृत्य है । अभी तक उस भाजपा नेता की गिरफ्तारी क्यो नही हुई है ।

अतः हम महामहीम से हमारी मांग है मध्यप्रदेश सरकार को बरखास्त कर के मध्यप्रदेश मे राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए ।

आरोपी को तुरन्त गिरफ्तार कर के उसके ऊपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया जाए ।

3. अपराधी की सम्पूर्ण सम्पत्ति जब्त करके ध्वस्त करने की कार्यवाही की जाए ।

गब्बर सिंह
संभाग संयोजक
भीम आर्मी भोपाल म.प्र.

# विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस आयुक्त ने राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक ली






**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की कमिश्नर कार्यालय मे बैठक हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त , अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एवं समस्त व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा। पुलिस आयुक्त मिश्र ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दौरान लाईन ऑर्डर ड्यूटी, अपराध नियंत्रण, शांति व सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि चुनौतियां रहेगीं, जिसके लिए हमें अभी से तैयार होने की आवश्कता है। चुनाव के मद्देनजर आदतन अपराधियों व बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें व जिला बदर प्रकरण पेश करें। अवैध शराब व मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। अभियान चलाकर फरार आरोपियों व स्थाई वारंटियो को गिरफ़्तार करें। पिछ्ले चुनाव संबंधी स्थाई वरंटो की सूची बनाकर तामिली सुनिश्चित करें। अपने-अपने थाना क्षेत्र के पोलिंग बूथो का भौतिक निरीक्षण कर संवेदनशील बूथों की सूची बनाएं। सभी डीसीपी सोशल मीडिया पर नजर रखें। अफवाह भरी खबर या आपत्तिजनक खबर, वीडियो इत्यादि वायरल करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करेंगे। शाम के समय बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाके, पार्क इत्यादि संवेदनशील इलाकों में नगर रक्षा समिति के साथ नियमित पैदल पेट्रोलिंग व चेकिंग लगाये, ताकि आमजन की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही बदमाशो व असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सकें। इत्यादि महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

# सीएमओ की निष्क्रियता से निर्माण कार्य सहित कई कार्य अवरूद्ध,जनप्रतिनिधियों में रोष

**अमित कुमार बैस**

कोतमा/डोला। जिले का नवीन नगर परिषद डोला जहाँ इसके गठन होने उपरान्त निवासरत लोगों में भारी खुशी का माहौल व्याप्त रहा कि अन्य निकाय की तरह नगरीय निकाय डोला भी विकास के दिशा में आगे बढ़ेगा और साथ ही नगरीय निकायो के लिए शासन की चल रहे योजनाओं का लाभ भी पात्र लोगों को वक्त पर मिलना हो पायेगा जिसकी चर्चाएं इस क्षेत्र के लोग अक्सर करते नजर आते रहते रहे? परन्तु अब नगर डोला के जनो मे नगर परिषद डोला के प्नति धीरे धीरे आक्रोश उमड़ता नजर आ रहा जो किसी रोज फूट भी सकता है? वहीं इस क्षेत्र के नगर परिषद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष द्वारा क्षेत्रीय समस्या को जानने लोगों से प्रतिदिन रूबरु होने का कार्य तथा निदान कराए जाने प्नयास भी किया जा रहा? लेकिन प्नभारी सीएमओ की निष्क्रियता के कारण कोई भी कार्य वक्त पर जमी पर होता कहीं दिखाई ना देने की वजह से अध्यक्ष/उपाध्यक्ष सहित पार्षदो की छवि लोगों के बीच धूमिल होना दिख रहा? जानकार कई लोगों का ऐसा मानना है कि




जब नगर डोला के कई वार्डो में निर्माण कार्यो के बीते कुछ माह पूर्व निविदा टेंड़र हो चुके हैं तब उन निर्माण कार्यों में नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अब तलक शुरुआत क्यों नहीं किया गया आखिर इसे लेकर मुख्य नगर परिषद किस शुभ अवसर के इंतजार में बैठे हैं? ग्रीष्म ॠतु में हुये निविदा टेंड़र का कार्यों का अब तलक ना होना कहीं ना कहीं प्नभारी सीएमओ के कार्यप्नणाली पर सवालिया निशान जैसा है कि ऐसे पूर्व निर्माण कार्यो में देरी या अवरूद्ध रखने की पीछे मुख्य नगर परिषद अधिकारी की मंशा ना जाने क्या है? जिसे लेकर प्नभारी सीएमओ की इस तरह की कार्यशैली से जनप्रतिनिधि भी आहत हो नाराज नजर आ रहे? मिली जानकारी अनुसार प्नभारी सीएमओ मनचाहा वक्त पर कभी कभार ही नगर परिषद डोला आना होता है और वाहन भत्ता में साहब द्वारा समय पर लेने में कोई कोरी कसर नहीं छोड़ा जाता? अब गौरतलब करने का विषय है कि साहब को जब वाहन भत्ता और वेतनमान वक्त पर मिल रहा तब साहब का समय नगर परिषद डोला में कभी कभार क्यूँ? साहब के इस तरह के रवैऐ से नगर डोला के जहाँ कई कार्य अवरूद्ध हैं वहीं परिषद और शासकीय योजना से लोग भी वंछित पड़े हुए हैं? अब ऐसे में जिला कलेक्टर सहित क्षेत्रीय सांसद एवं क्षेत्रीय मंत्री को भी इस ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है अन्यथा इसका शायद इसका खामियाजा आगामी चुनाव में ना देखना पड़ जाए?

**इनका कहना है**

हमारे द्वारा नगर को विकास की दिशा में लाने पूर्ण प्नयास किया जा रहा है, परन्तु प्नभारी सीएमओ का सही से सहयोग ना मिल पाने की वजह से हम असमर्थ हैं?

रेनू सुरेश कोल,अध्यक्ष नगर परिषद डोला

**इनका है कहना**

*नगर में कई कार्यों को कराने की जरूरत है जिसका वक्त पर होना जरूरी है परन्तु सीएमओ की निष्क्रियता या जानबूझकर की जा लापरवाही से सारे कार्य अवरूद्ध हैं?*

*रविशंकर तिवारी,उपाध्यक्ष नगर परिषद डोला*

*मेरे वार्ड की बात तो छोड़िए नगर डोला के हर वार्ड में कई तरह की समस्या है जिसका निदान होना आवश्यक है लेकिन प्नभारी सीएमओ के नदारगी की वजह से कई प्नकार के कार्य प्नभावित हो रहे?*

*माया शैलेश सिंह,पार्षद नगर परिषद डोला*

*हुए निविदा टेंड़र सहित कई कार्य लंबित हैं साथ ही नगर क्षेत्र समस्याओं से भरा है किन्तु सीएमओ की कार्यप्नणाली ही समझ से परे नजर आता है?*

*पूनम महादेव गोस्वामी,पार्षद नगर परिषद डोला*

## न्यूज ब्रीफ

### डाक विभाग ने जारी की दुर्घटना बीमा पॉलिसी

भोपाल। भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना बीमा पॉलिसी जारी की है। विभाग द्वारा आमजन से पॉलिसी लेने की अपील की गई है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना, मृत्यु, स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे। बीमाधारक का परिवार अन्य शहर में रहता है तो उसके आने के लिए अधिकतम 25 हजार रुपए तक का टिकट खर्चा भी दिया जायेगा और दुर्भाग्य से बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है तो पॉलिसी के तहत 5 हजार रुपए अंतिम क्रियाक्रम के लिए दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

### मंत्रालय के पटेल पार्क में 3 जुलाई को राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का गायन

भोपाल। मंत्रालय के वल्लभ भाई पटेल पार्क में 3 जुलाई को सुबह 11 बजे राष्ट्र-गीत वन्दे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन गण मन का गायन किया जाएगा। एक एवं 2 जुलाई को शासकीय अवकाश होने से राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का गायन 3 जुलाई को होगा। वर्षा होने की स्थिति में मंत्रालय क्रमांक-1 के कक्ष क्रमांक 506 में गायन होगा। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय में प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का गायन किया जाता है।

### जन-प्रतिनिधि अपने कर्त्तव्यों एवं जन-कल्याण के प्रति संकल्पित हों : मुख्यमंत्री चौहान

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समस्त जन-प्रतिनिधियों को अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है कि यह अवसर जन-प्रतिनिधियों को उनके जनसरोकारों के प्रति संकल्पबद्ध करता है तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के केंद्र में विधायी निकायों की सक्रिय, सकारात्मक भूमिका का स्मरण दिलाता है। आइए वर्ल्ड पर्लियामेंट दिवस पर हम सभी जन-प्रतिनिधि अपने कर्त्तव्यों एवं जन-कल्याण के प्रति संकल्पित हों। उल्लेखनीय है संयुक्त राष्ट्र का अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस प्रति वर्ष 30 जून को अंतरसंसदीय संघ (आईपीयू) द्वारा राष्ट्रीय योजनाओं और रणनीतियों में संसद के महत्व को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। इसे वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से स्थापित किया गया था।

## कांग्रेस MLA का आरोप-PhonePe से ली जा रही रिश्वत, नरोत्तम बोले-चोरी और सीनाजोरी

भोपाल

मध्यप्रदेश में चल रही पोस्टर पॉलिटिक्स में PhonePe के ट्वीट के बाद सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने बीजेपी पर PhonePe के जरिए रिश्वत लेने के आरोप लगाए हैं। इस पर गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने पलटवार करते हुए कहा, ये तो चोरी, ऊपर से सीना जोरी हो गई। PhonePe वैसे भी कांग्रेस के लिए बना नहीं है। इस पर एक नंबर के पैसों का ट्रांजेक्शन होता है।

कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा- क्या PhonePe के माध्यम से रिश्वत नहीं ली जा रही है स्पष्ट करें, इस बात की जांच करें कि कहां से पैसा लिया जा रहा है। मध्य प्रदेश के अंदर 50% कमीशन की सरकार है। ऐसी सरकार के खिलाफ पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे। पूरी ताकत के साथ कार्रवाई करेंगे। जनता और कार्यकर्ता इन पोस्टरों को लगा रहे हैं।

कुणाल चौधरी ने कहा- फोनपे भी सुन ले, शासन भी सुन ले कि, अगर गलती की तो एक-एक नेता, एक-एक कार्यकर्ता, जनता निकालकर इनके मुंह पर पोस्टर लगाने का काम करेगी। मध्यप्रदेश में जो महाकाल का घोटाला हुआ, उसमें 80% कमीशन लिया गया।

## मास्टर प्लान-31 में दावे-आपत्ति की डेटलाइन खत्म

भोपाल

भोपाल मास्टर प्लान-2031 में दावे-आपत्ति की शुक्रवार को डेटलाइन खत्म हो गई है। आखिरी दिन तक डेढ़ हजार से ज्यादा आपत्तियां मिलीं। इनमें बाघ क्षेत्र समेत बड़ा तालाब किनारे के गांवों को कैचमेंट करने मुक्त की मांग भी की गई। शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और आपत्ति दर्ज कराई। वहीं, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने भी दावे-आपत्तियां लगाई हैं।

एक महीने पहले भोपाल के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट प्रदेश सरकार ने जारी कर दिया था। इसमें वर्ष 2021 में आई आपत्तियों और सुझावों को भी शामिल किया गया। वहीं, दावे-आपत्तियों के लिए 30 दिन का समय दिया गया था। इसकी 30 जून आखिरी तारीख थी, जो शुक्रवार को खत्म हो गई। इस दिन बड़ी संख्या में लोगों ने दावे-आपत्तियां लगाईं।



फंदा जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचे और अधिकारी को आपत्तियां सौंपी। सात बिंदुओं पर लगाई गई आपत्तियों का जल्द निराकरण करने की मांग की गई।

### फूल-मालाओं का कचरा और टेंट हाउस का सामान भी यहां-वहां बिखरा पड़ा

# पीएम की विजिट के बाद आरकेएमपी..., 55 घंटे बाद भी प्लेटफॉर्म पर न चेयर लगी, न पीने का पानी मिला

भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजिट के 55 घंटे बाद भी गुरुवार दोपहर तक रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर अव्यवस्थाओं का आलम है। इस प्लेटफॉर्म पर शताब्दी समेत करीब 20 से ज्यादा ट्रेनें आवागमन करती हैं। यहां कार्यक्रम से पहले हटाई गई चेयर अब तक नहीं लगाई जा सकी हैं। वहीं पानी के नल भी नहीं लगे हैं।

इसके अलावा भारी संख्या में फूल-मालाओं का कचरा और टेंट हाउस का सामान भी यहां-वहां बिखरा पड़ा हुआ है। इससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार तड़के पहुंची कुछ ट्रेनों के यात्रियों ने बताया कि जो मेट प्लेटफॉर्म पर बिछाई गई थी, वह गीली पड़ी थी। साथ ही फूल-मालाएं व सामान पुरानी बिल्डिंग के मेन गेट तक पर पड़ा हुआ था।



27 जून को पीएम मोदी सुबह 11 बजे तक आरकेएमपी पर मौजूद रहे थे। उस दौरान उन्होंने यहां से शुरू हुई जबलपुर व इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उनके आगमन की तैयारियां पिछले करीब दस दिनों से चल रही थीं। एक इवेंट कंपनी को रेलवे ने इसका कांट्रेक्ट दिया था।

प्लेटफॉर्म नंबर-4 व 5 पर मौजूद यूरिनल की साफ-सफाई भी प्रबंधन ने अब तक नहीं करवाई है। अधिकारियों का कहना है कि कुछ यूरिनल चोक हो गए हैं, इस वजह से उन्हें बंद कर दिया गया है। एक-दो दिन में उन्हें फिर शुरू कर दिया जाएगा।

इस मामले में बंसल-हबीबगंज पाथ-वे प्राइवेट लिमिटेड के एजीएम मोहित समैया का दावा है कि प्लेटफॉर्म नंबर-1 से जल्द ही सामान को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए हमने लड़के लगा रखे हैं। यात्रियों को जो भी असुविधा हो रही है, उसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा।

## रीवा में नदी में बहा युवक, लोगों ने बचाया, ग्वालियर में 9 घंटे में डेढ़ इंच पानी गिरा

भोपाल। मध्यप्रदेश के कई इलाकों में शुक्रवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। ग्वालियर में 9 घंटे में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई। इंदौर, उज्जैन और शिवपुरी में भी पानी गिरा। राजधानी भोपाल में सुबह से बारिश और धूप की आंख-मिचौली चलती रही। हालांकि दोपहर बाद तेज बारिश होने लगी। सतना, नर्मदापुरम, रायसेन, पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, सिवनी, सागर, धार, मंडला, जबलपुर, खजुराहो और नौगांव में भी हल्की बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में रतलाम, ग्वालियर, शिवपुरी में सबसे अधिक 3 इंच पानी गिर गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 1 जुलाई से तेज बारिश का दौर थम जाएगा। एक-दो दिन तक ऐसी ही स्थिति रह सकती है। इसके बाद दोबारा तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो जाएगा। रीवा जिले में एक युवक नदी के तेज बहाव में बहने से बाल-बाल बचा। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। मामला त्योंथर इलाके में टमस नदी के अमिलकोनी घाट का है। स्थानीय लोगों ने बताया-तराई अंचल में दो दिन से रिमझिम बारिश हो रही है। इसकी वजह से छोटी नदी और नालों का जलस्तर बढ़ गया है। गुरुवार दोपहर एक युवक टमस में नहाने के लिए उतरा तो तेज बहाव में बहने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े। आधे घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसे रस्सी के सहारे सुरक्षित निकाल लिया।

### एक लेन इतनी जर्जर कि चलना मुश्किल, तीन महीने ऐसे ही बीतेंगे, कांग्रेस ने उठाए सवाल

# बारिश से पूरे कोलार सिक्सलेन पर कीचड़

भोपाल

भोपाल के पहले कोलार सिक्सलेन प्रोजेक्ट में लेटलतीफी अब लाखों लोगों पर भारी पड़ रही है। पूरे कोलार रोड पर कीचड़ ही कीचड़ है। इस कारण हर पल जाम लग रहा और लोग घंटों फंस रहे हैं। एक लेन इतनी जर्जर है कि उसके ऊपर से चलना मुश्किल हो रहा है। यह लेन पहले से जर्जर थी। बारिश में सड़क की तस्वीर और भी बिगड़ गई है। इसी निर्माणाधीन कोलार सिक्सलेन पर गुरुवार को सेमरी जोड़ पर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर स्ट्रक्चर से टकरा गई थी। इससे तीन युवकों की मौत हो गई थी।



सिक्सलेन में हो रही लेटलतीफी पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी इसे लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और सरकार को जिम्मेदार माना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 19 साल में ईमानदारी से विकास होता तो आज कोलार की ये हालत नहीं होती। कोलार की जनता हमेशा परेशान रही है। कमलनाथ सरकार के दौरान बने प्रोजेक्ट के हिसाब से 6 लेन का निर्माण होता तो के हिसाब से काम होता तो यह जल्दी बन जाता और किसी के दुकान-मकान नहीं टूटते। सिक्स लेन कोलार रेस्ट हाउस से गोल जोड़ तक कुल 15.10 किलोमीटर लंबा बनाया जा रहा है। एक लेन पर कुछ महीने पहले काम भी शुरू हो चुका है, लेकिन एक लेन आधी भी नहीं बन सकी है। गोल जोड़ से डीमार्ट के बीच ही सीमेंट क्रांकीट हुआ है, जबकि इसके आगे नयापुरा तक काम चल रहा है। बारिश में काम नहीं होगा। इसे राहगीरों की परेशानी बढ़ी हुई रहेगी। कोलार रोड पर पीक आवर्स के दौरान रोज जाम लग रहा है। कुछ जगहों से रूट डायवर्ट किए गए हैं। बावजूद राहगीरों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। डीमार्ट से बैरागढ़ चिचली के बीच एक लेन पूरी तरह से जर्जर है। नयापुरा, ललिता नगर, मंदाकिनी, सर्व-धर्म, बीमाकुंज, भोज विश्वविद्यालय के सामने भी एक लेन की हालत ठीक नहीं है, जबकि दूसरी लेन पर निर्माण किया जा रहा है।

## प्लास्टिक व्यापारी से 21 लाख की लूट, पिस्टल दिखाकर ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कराया

भोपाल

भोपाल के गांधीनगर इलाके में प्लास्टिक मटेरियल के व्यापारी से 21 लाख की लूट का मामला सामने आया है। बदमाशों ने व्यापारी को प्लास्टिक बेचने का झांसा देकर भोपाल बुलाया, जब व्यापारी फ्लाइट से भोपाल पहुंचा तो तीन लोगों ने उसे कार में बैठा लिया। कार में बैठाकर उसे ग्वालियर हाईवे पर लेकर चले गए। रास्ते में पिस्टल दिखाकर मोबाइल से 21 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिया। इसके बाद उसे हाईवे पर छोड़कर फरार हो गए। क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

टीआई अनूप उईके ने बताया कि मदुरै के रहने वाले बी सतीश (39) पुत्र टी बिरैया प्लास्टिक



मटेरियल के व्यापारी हैं। उनका व्यापार अन्य राज्यों से भी चलता है। कुछ दिन पहले उनके पास 9127464109 नंबर से कॉल आया। जिसने खुद को भोपाल का प्लास्टिक व्यापारी बताया और अपने पास 25 टन माल होने की बात कही। जिसे 70 रुपए के हिसाब से बेचने की बात कही। इसके बाद जालसाज ने कहा कि फोटो भेज देते हैं। तो व्यापारी ने भोपाल आकर सौदा करने को बोला। इस पर जालसाज मान गया।

# 'सत्यप्रेम' की 'कथा' पर दिल हार बैठे सिद्धार्थ मल्होत्रा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' रिलीज हो चुकी है, जिसे शुरुआती तौर पर दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। कियारा आडवाणी और कार्तिक की अदाकारी को फैंस ने खूब सराहा। वहीं, अब कियारा की फिल्म देख उनके पति और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी पत्नी और उनकी फिल्म पर अपना प्यार बरसाने से खुद को रोक नहीं पाए। सिद्धार्थ ने कियारा की फिल्म देखी और उनकी खूब तारीफ की। सिद्धार्थ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कियारा की तस्वीर साझा की, जो उनके फिल्म के एक सीन से ली गई है। तस्वीर साझा करते हुए सिद्धार्थ ने कैप्शन में लिखा, ३एक उचित सोशल मैसेज के साथ एक लव स्टोरी, जो पूरी कास्ट की बढ़िया परफॉर्मेंस से भरा हुआ है, लेकिन कथा (कियारा आडवाणी) आपके पास मेरा दिल है। बहुत खुश हूं कि तुमने यह किरदार निभाने का फैसला किया।

# राशा उतरेंगी परदे पर



**मुंबई। पिछले काफी समय से राशा को अभिषेक कपूर के साथ लंच करते स्पॉट किया गया था। यही नहीं, बाद में वह डायरेक्टर के ऑफिस से भी निकलते हुए नजर आई थीं। अब कंफर्म हो चुका है कि राशा डायरेक्टर अभिषेक कपूर की फिल्म से डेब्यू करेंगी। इस फिल्म में राशा के अजय देवगन के भांजे अमन देवगन भी डेब्यू करेंगे। बताया जा रहा है कि यह फिल्म अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित होगी और यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म होगी। यह नौ फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभी तक इस फिल्म के टाइटल का खुलासा नहीं हुआ है। फिल्म का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कर रहे हैं। रवीना के फैंस भी उनकी बेटी के डेब्यू का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राशा के बॉलीवुड के डेब्यू से पहले अभिषेक कपूर ने सारा अली खान को फिल्म 'केदारनाथ' से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। सारा आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हैं। अब देखना यह होगा कि राशा जब फिल्मों में आएंगी, तो क्या धमाल मचाएंगी। राशा भी अपने डेब्यू के लिए खूब मेहनत कर रही हैं। आपको बता दें कि पिछले दिनों राशा ने हाल ही में हाई स्कूल से स्नातक किया है। वह मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ रही थीं। उनकी मां और एक्ट्रेस रवीना ने राशा की ग्रेजुएशन सेरेमनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। फैंस भी राशा को जमकर बधाई दे रहे थे।**

# 'द आर्चीज' को ट्रोल करने वालों पर भड़कीं जोया अख्तर



मुंबई। जोया अख्तर इन दिनों अपने निर्देशन में बनी आगामी फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सुर्खियों में हैं। जहां 'द आर्चीज' पहले खुशी कपूर, अगस्त्य नंदा और सुहाना खान जैसे स्टार किड्स की डेब्यू फिल्म होने की वजह से चर्चा में थी, वहीं इस समय फिल्म अपने ट्रेलर के कारण सुर्खियों में है। हाल ही में 'द आर्चीज' का ट्रेलर रिलीज हुआ और इसे लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली हैं। एक तरफ इंटरनेट पर लोगों का एक ग्रुप पॉपुलर के कॉमिक को दिए गए देसी ट्विस्ट से प्रभावित थे, दूसरी तरफ कुछ नेटिजन्स ने 'द आर्चीज' को यह कहते हुए ट्रोल किया कि कैरेक्टर्स भारतीय नहीं दिखते। ट्रेलर को मिल रही आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए, निर्देशक जोया अख्तर ने ट्रोल्स की मानसिकता पर सवाल उठाया।जोया अख्तर ने एक इंटरव्यू में कहा, 'आप ऐसा क्यों सोचते हैं? वे सभी भारतीय हैं। यह एक तरह से नस्लवाद है। क्या आप कह रहे हैं कि गोरे भारतीय, भारतीय नहीं होते हैं?




# टीआरपी लिस्ट में फिर अनुपमा का राज

***नई दिल्ली। इस बार बार्क इंडिया रेटिंग लिस्ट में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पिछले कई हफ्तों की तरह इस बार भी टीआरपी में स्टार प्लास का शो 'अनुपमा' बाजी मारते हुए पहले स्थान पर रहा है। वहीं, इमली ने भी टॉप 5 में फिर से वापसी कर ली है।***

## अनुपमा

रंजन शाही का शो 'अनुपमा' दर्शकों को बीच काफी पॉपुलर हो गया है। हर बार की तरह इस हफ्ते भी बाकी के टीवी सीरियल यह भारी पड़ा है। हर बार की तरह इस बार भी टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' पहले स्थान पर है। शो में दर्शकों को रुपाली गांगुली की अदाकारी काफी पसंद आ रही है। ट्विस्ट फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं।

गुम है किसी के प्यार में




स्टार प्लस के पॉपुलर सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' अब 20 साल का लीप आने वाला है। इसी के साथ शो अब नए किरदारों के साथ नया मोड़ लेने वाली है। अपने दिलचस्प और मजेदार प्लॉट के साथ फैंस के बीच हाजिर है। हाल ही में शो के मेकर्स ने शानदार प्रोमो जारी किया था। जिसमें शो के नए स्टार कास्ट से रूबरू गया है।

**ये रिश्ता क्या कहलाता है**



स्टार प्लस पर पिछले कई सालों से प्रसारित हो रहा शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' पिछले हफ्ते से टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना था, लेकिन इस बार शो तीसरे स्थान पर खिसक गया है। शो की कहानी काफी दिलचस्प होती जा रही है। इस हफ्ते शो 2.2 मिलियन इम्प्रेशंस मिले हैं।


**ये है चाहतें**



इस हफ्ते के टीआरपी लिस्ट में बड़ा फेरबदल देखा जा रहा है। कई सप्ताह से टीवी का पॉपुलर शो 'ये है चाहतें', जहां टॉप 5 की लिस्ट से बाहर चल रहा था। वहीं, शो ने इस बार जबर्दस्त वापसी की है।

**इमली**

स्टार प्लस का लोकप्रिय शो 'इमली' पिछले हफ्ते टीआरपी लिस्ट के टॉप 5 शोज से बाहर हो गया था। मगर इस हफ्ते शो ने काफी शानदार तरीके से टॉप 5 में एंट्री की है और अपनी जगह बना ली है।



# ट्रांसपोर्टर ने की शिवराज सरकार से ईंधन पर टैक्स कम करने की मांग

## परेशानी में ट्रक ऑपरेटर, छोटे कारोबारी तो धंधे से हुए बाहर

भोपाल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित प्रदेशभर के ट्रांसपोर्टरों ने डीजल-पेट्रोल पर अधिरोपित टैक्स में कमी करने की मांग की है। ताकि प्रदेश के लोग बढ़ती महंगाई से कुछ राहत की सांस ले सकें। ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस वेस्ट जोझ उपाध्यक्ष विजय कालरा, मैनेजिंग कमेटी के हरीश डाबर और ट्रक आपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहाकि डीजल के अलावा कलपुर्जों और अन्य चीजों की महंगाई के कारण कई ट्रांसपोर्टर इस व्यवसाय से बाहर हो गए हैं। ईंधन के दाम अधिक होने से ट्रांसपोर्टर के लिए व्यापार करना आसान नहीं रहा। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से देश के कई लोगों को रोजगार मिलता है। इस उद्योग के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। डीजल पर अधिरोपित वैट टैक्स कम किया जाना चाहिए।




### उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सरकार राहत प्रदान करे

भोपाल ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता के अनुसार ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने मध्य प्रदेश सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह वैट कम करके राहत प्रदान करें। क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार ईंधन के बढ़े हुए दामों को कम करने अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया,जिससे आमजन को राहत मिल सकें।

### छोटे कारोबारी पूरी तरह खत्म हो जाएंगे

ट्रांसपोर्ट व्यवसायी हरीश डाबर और ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत का कहना है कि डीजल के खर्च ने कई छोटे ट्रांसपोर्टरों की हालत खराब कर रखी है।

### पड़ोसी राज्यों के मुकाबले मप्र में ईंधन महंगा

मुकाती के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मुकाबले मध्यप्रदेश में ईंधन महंगा हैं। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल के दाम मध्यप्रदेश से काफी कम है। अतः शिवराज सरकार से अनुरोध है कि वे पेट्रोल-डीजल पर अधिरोपित वैट टैक्स कम करके आमजनता और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को राहत प्रदान करें।

### कच्चे तेल के घटे दाम का लाभ आम आदमी को नहीं मिल रहा




कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 75.41 डॉलर प्रति बैरल और डब्लूटीआई क्रूड की कीमत 70.64 डॉलर प्रति बैरल पर है। हालांकि कच्चा तेल अपने उच्चतम स्तर 127 डालर प्रति बैरल के पार से कॉफी नीचे है इसके बावजूद इस गिरावट का लाभ आम आदमी को नहीं मिल पा रहा है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया है। आखिरी बार पेट्रोल-डीजल की कीमत में राष्ट्रीय स्तर पर बदलाव 21 मई 2022 को किया गया था।

## मोटोरोला का रेजर 40 अल्ट्रा और रेजर 40 लांच



**नई दिल्ली।** 5जी स्मार्टफोन ब्रैंड और फ्लिप फोन के निर्माण वाली कंपनी, मोटरोला ने भारतीय स्मार्टफोन के बाजार में एक बार फिर तहलका मचा दिया है। कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप रेजर स्मार्टफोन सीरीज में मोटोरोला रेजर 40 अल्ट्रा और रेजर 40 लांच किए हैं। इस घोषणा के साथ ही फोल्डेबल स्मार्टफोन की स्क्रिप्ट को नए सिरे से पेश करने के लिए बाजार में आधुनिक तकनीक और यूजर के खास स्टाइल को दुनिया के सामने पेश करने वाले प्रतिष्ठित रेजर सीरीज के फोन वापसी हुई है। इस नई फैमिली का हरेक फोन उन आधुनिक उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है, जो सबसे अलग दिखना चाहते हैं और अपने लिए मॉडर्न फ्लिपफोन का बेस्ट वर्जन चाहते हैं। मोटोरोला ने बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री कृति सेनन को शहर में आज हुए लॉन्च इवेंट में अपना नया ब्रैंड एंबेसेडर बनाने की घोषणा की।

## अब ग्राहकों को मिलेंगे पर्सनलाइज्ड प्रोडक्ट




**बेंगलुरु।** अमेजन इंडिया ने अपना पहला फ्री सेल्फ-सर्व प्रोडक्ट कस्टमाइजेशन फीचर, 'कस्टमाइजयोरप्रोडक्ट' को पेश किया है । यह फीचर 76 विभिन्न कैटेगरी के 10,000 से अधिक प्रोडक्ट के विशाल कलेक्शन के साथ उपलब्ध हो गया है । यह बेहतरीन फीचर ग्राहकों को बेहद सुविधाजनक तरीके से कस्टमाइजेशन का अनुभव प्रदान करती है। यहां ग्राहकों को विजुअल डिजाइन टूल्स की मदद से प्रोडक्ट पर्सनलाइज्ड करने की सुविधा मिलती है ।
साथ ही ग्राहक इंटरैक्टिव प्रोडक्ट प्रिव्यू विकल्प के साथ रियल टाइम में फाइनल कस्टमाइज्ड प्रोडक्ट को आसानी से देख भी सकते हैं। यह फीचर ग्राहकों को विंडोब्लाइंड्स, कंबल, होमडेकोर, वॉलआर्ट, साइनेज, फर्नीचर, एनग्रेव्डपैन, नैकलेस, पानी की बोतल, मग, कपड़े, ज्वैलरी ऑर्गेनाइजर, गोल्फ क्लब, फोन कवर, नोट बुक सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों को अपनी क्रिएटिविटी के अनुसार पर्सनलाइज करने में मदद करता है।

## जज के रोल में लौटीं शिल्पा शेट्टी



**मुंबई ।** हमारे देश के अलग-अलग टैलेंट को सेलिब्रेट करने वाला सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का सबका पसंदीदा रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट एक और रोमांचक सीजन के साथ वापसी करने जा रहा है। इस शो में शिल्पा शेट्टी की निगाहें बतौर जज के रूप रहेगी। इस टैलेंट प्लेटफॉर्म ने अलग-अलग तरह के हुनरमंद और दिल छू लेने वाले परफॉर्मर्स देखे, जिनमें डांसर्स, सिंगर्स, जादूगर, कॉमेडियंस, रैपर्स, बीटबॉक्सर्स और स्टंट करने वाले लोगों समेत बहुत-सी प्रतिभाएं शामिल हैं।

## उपभोक्ताओं को जगाने और हितों की रक्षा करने वाला नापतौल विभाग के सो रहे वरिष्ठ अधिकारी

भोपाल

नापतौल विभाग के नियंत्रक रहे कैलाश बुंदेला का तबादला होने के बाद विभाग के नापतौल नियंत्रक का कार्यभार आशीष कुमार सिंह को शासन ने जिम्मेवारी सौंपी। लेकिन विभाग के उक्त जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी अपने अफसर शाही में मशगूल है। माप तौल में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो और इसकी शिकायत किए जाने पर विभाग के आला अधिकारियों की जिम्मेवारी है कि मामले की पड़ताल कर उपभोक्ताओं को न्याय दिलाए और संबंधित के खिलाफ कानूनन कार्रवाई करें। मगर नवागत नापतौल नियंत्रक आशीष कुमार सिंह जिन्हे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए विभाग के उच्च पद पर शासन ने आसीन किया है उन्हें शासन विभाग के नौपतौल नियंत्रक का पद और शासन द्वारा सौंपी गई जिम्मेवारी रास नहीं आ रही है। यही वजह है कि भोपाल सहित मध्यप्रदेश का उपभोक्ता दुकानों का ठगा जाने के साथ लुट और पीट रहा है।




### तो, अमले को कैसे चुस्त, तुरूस्त करेंगे ?

मालूम हो कि हरिभूमि के प्रतिनिधि द्वारा नवागत नापतौल नियंत्रक आशीष कुमार सिंह को उनके मोबाइल नंबर 7747005051 पर 4 बार फोन लगाया गया। इतना ही नहीं इसी नंबर के वॉट्सएप पर मैसेज छोड़ा और पेट्रोल पंप पर डीजल -पेट्रोल कम मात्रा में दिए जाने के मामले में कथन चाहा गया लेकिन उक्त नवागत नापतौल नियंत्रक ने ना ही फोन उठा रिसीव किया और ना ही वॉट्सएप मैसेज का रिप्लाई जबाव दिया। उल्लेखनीय बात यह है कि उपभोक्ताओं के हितों के रक्षा करने वाला विभाग जो ग्राहकों के बीच जागों ग्राहक जागों का नारा देता है लेकिन विभाग के उच्च पद आसीन वरिष्ठ अधिकारी खुद ही नहीं जागे हैं तो उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए विभाग अमले को कैसे चुस्त, तुरूस्त करेंगे।

## शहर के सचिन ने टैली एमएसएमई ऑनर्स में हासिल की बड़ी जीत




**भोपाल।** सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स इंडस्ट्री में अग्रणी टैली सोल्युशंस ने वेस्ट जोन के लिए एमएसएमई ऑनर्स के तीसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की है। 5000 नामांकनों में से भोपाल की कंपनी राय सचिन एंड एसोसिएट्स ने बड़ी जीत हासिल की है। टैली एमएसएमई ऑनर्स, एक सालाना पहल है, जिसके तहत उन बिजनसेज एवं एंटरप्रेन्योर्स को पहचान कर सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने देश की आर्थिक प्रगति में योगदान दिया हो। ये सम्मान एमएसएमई की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं के माध्यम से उनके सकारात्मक प्रभाव एवं विविधता की पुष्टि करते हैं। जो विभिन्न शहरों से उन गुमनाम नायकों को दिए जाते हैं जिन्होंने अर्थव्यवस्था पर वास्तविक प्रभाव उत्पन्न कर विकास को प्रोत्साहित किया है।

## दाल की ऊंची कीमत को रोकने अरहर का होगा 35 फीसदी ज्यादा आयात

नई दिल्ली

कम उत्पादन के बीच अरहर दाल की कीमतों में तेज वृद्धि का सामना करते हुए भारत चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष से 35 प्रतिशत या 12 लाख टन अधिक दाल का इस साल आयात करेगा। घरेलू उपलब्धता को बढ़ाने और मूल्य वृद्धि रोकने के लिए ऐसा किया जाएगा। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार ने कहाकि अरहर दाल हमें परेशानी दे रही है। पिछले साल के स्तर की तुलना में अरहर की औसत खुदरा कीमत 25 प्रतिशत बढ़कर 128.66 रुपए प्रति किलो है। लेकिन आयात शुरू होने के बाद यह कम होने लगेगी। अरहर में असली समस्या, कम घरेलू उत्पादन का होना है। देश का अरहर उत्पादन फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में इससे पिछले साल के 39 लाख टन के मुकाबले घटकर 30 लाख टन रह गया।



### स्टॉक सीमा से तुअर की कीमतों को नीचे लाने की हुई कोशिश

उन्होंने कहाकि पूर्वी अफ्रीकी देशों में फसल अगस्त में आनी शुरू हो जाएगी, इसलिए घरेलू कीमतें कम हो जाएंगी। वित्तवर्ष 2022-23 के दौरान देश ने 8.9 लाख टन का आयात किया। सचिव ने कहा कि तुअर की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने कई उपाय किये हैं। दो जून को व्यापारियों, मिल मालिकों और आयातकों पर लगाई गई स्टॉक सीमा से तुअर की कीमतों को नीचे लाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, ह्यजिस दिन से स्टॉक सीमा लागू की गई थी, उसी दिन से कीमतों में गिरावट का रुख है।ह्नसिंह ने कहा, सरकार ने बाजार में बफर स्टॉक से 50,000 टन उतारने का भी फैसला किया है और इससे दरों पर दबाव भी कम होगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )